>

Title: Regarding alleged fraudulent scheme of Adarsh credit cooperative society - Laid

श्री देवजी पटेल (जालौर): मेरे संसदीय क्षेत्र सहित देशभर के गरीब किसान को लाभकारी योजनाओं का कथित रूप से झाँसा देकर आदर्श क्रेडिट को-ऑपरेटिव सोसायटी नाम की संस्था क्रेडिट सोसायटी में धन जमा करवा रही थी । परिपक्व होने पर राशि चुकाने के बजाय हाथ खड़े कर दिए हैं । ऐसे में आदर्श क्रेडिट को-ऑपरेटिव सोसायटी में लोगों की करोड़ों की धनराशि डूब गयी है । यह राशि कभी मिलेगी भी या नहीं इसमें संशय बना हुआ है । एक मोटे आकलन के मुताबिक राजस्थान में उक्त सोसायटी की 309 शाखाओं में करीब 10 लाख निवेशकों द्वारा लगभग 8 हजार करोड़ रुपये का निवेश किया गया हैं ऐसे में हाथ खड़े किए जाने पर जमा धन भी सोसायटी में ही फंस गया है । ऐसी क्रेडिट सोसायटियों पर प्रतिबंध लगाकर इनकी चल-अचल संपत्तियों को बेचकर निवेशकों की पाई-पाई रकम चुकाई जाये तथा चेयरमैन, मेनेजिंग डायरेक्टर बोर्ड ऑफ डायरेक्टर की निजी संपत्तियों को भी जब्त किया जायें तथा कठोर दंड दिया जाये ।